दिनांक : 09.10.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच आज मुंबई में होगी अहम वार्ता, दोनों नेता छठे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में भी लेंगे हिस्सा ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर, गिर राष्ट्रीय उद्यान में करेंगी जनजातीय समुदाय से बातचीत।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुंबई में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद, रिन्यूएबल एनर्जी सहित विभिन्न सेक्टरों में निवेश पर होगी चर्चा ।
- आई.सी.सी. महिला एक दिवसीय विश्व कप में आज बड़ा मुकाबला: भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से ।

पीएम मोदी- ब्रिटेन पीएम वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच आज मुम्बई में वार्ता होगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कल दो दिन की भारत यात्रा पर मुम्बई पहुंचे। श्री स्टार्मर के साथ ब्रिटेन से एक बड़ा व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी आया हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री स्टार्मर आज मुम्बई में छठे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में भी भाग लेंगे और इस अवसर पर मुख्य भाषण देंगे। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2025 में दुनियाभर से नवाचार से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ, नीतिनिर्माता, नियामक, निवेशक, शिक्षाविद् और उद्योग प्रमुख भाग लेंगे। इस आयोजन का विषय है, "एक बेहतर दुनिया के लिए वित्तीय सशक्तिकरण"।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज से गुजरात के तीन दिन के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति कल सोमनाथ मंदिर में दर्शन और आरती करेंगी। वे गिर राष्ट्रीय उद्यान भी जायेंगी और सासन गिर में स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों से बातचीत करेंगी। राष्ट्रपति शानिवार को द्वारका स्थित द्वारकाधीश मंदिर में दर्शन और आरती करेंगी। वे अहमदाबाद में गुजरात विद्यापीठ के 71वें दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी।

रक्षा मंत्री- ऑस्ट्रेलिया यात्रा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आधिकारिक यात्रा पर आज सुबह ऑस्ट्रेलिया पहुंचे। यात्रा का उद्देश्य भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा और रणनीतिक सहयोग को और मज़बूत करना है।

कैनबरा के रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयर फ़ोर्स बेस पर ऑस्ट्रेलिया के सहायक रक्षा मंत्री पीटर खलील और संयुक्त अभियान प्रमुख वाइस एडमिरल जस्टिन जोन्स ने उनका स्वागत किया। दोनों देशों के बीच होने वाली द्विपक्षीय बैठक में रक्षा सहयोग, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा और सामरिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा होगी।

शिवराज- राष्ट्रीय सम्मेलन

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में वीविंग इंडिया टुगेदर राष्ट्रीय सम्मेलन में पूर्वोत्तर के बुनकरों और शिल्पियों से संवाद किया। इस अवसर पर, श्री चौहान ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के शिल्प कौशल और सांस्कृतिक विरासत की सराहना की। इस आयोजन से बुनकरों और दस्तकारों को अपने अनुभव, चुनौतियां और आकांक्षाएं व्यक्त करने का मंच मिला। सम्मेलन में ग्रामीण कारीगरों के समावेशी विकास द्वारा वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण पर भी ज़ोर दिया गया।

जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम पेश कर रहे हैं, केरल की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट -

*नए जीएसटी सुधार केरल के किसानों और छोटे कारोबारियों के लिए यह बड़ी राहत लेकर आए है। कोच्चि, इडुक्की, वायनाड और कोझीकोड के डिब्बा बंद मसालों पर जीएसटी 18 से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इससे मसालों की कीमत लगभग 11 प्रतिशत कम होगी और केरल के उत्पाद अब सस्ते और अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे। मालाबार काली मिर्च पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने से लागत में कमी आएगी और इससे मसाला उद्योग को फायदा होगा। इंस्टेंट कॉफी और कॉफी से बने उत्पादों पर जीएसटी घटने से वायनाड का कॉफी बेल्ट भी मजबूत होगा और छोटे किसानों को मदद मिलेगी। पैकेट बंद अनानास पर जीएसटी को 12 से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे एर्नाकुलम और त्रिशूर के वजाकुल्लम अनानास कलस्ट को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जैम, पल्प और अचार पर जीएसटी घटने से कन्नूर के फूडप्रोसेसरों को सीधा लाभ मिलेगा। इन सुधारों से मसालों, नारियल, काजू, चाय-कॉफी और आयुर्वेदिक उत्पादों के बाजार का विस्तार होगा और केरल की अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी। नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस 2025

कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस 2025 के अंतिम सत्र में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना कलेक्टर्स की पहली जिम्मेदारी है और किसी घटना या दुर्घटना पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश से नशे और ड्रग्स के अवैध कारोबार को पूरी तरह खत्म करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय कर ड्रग तस्करी को नेस्तनाबूत किया जाए और कोरेक्स कफ सिरप जैसे नशे के दुरुपयोग पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए।

कफ सिरप

केन्द्र ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से दवाइयों के प्रत्येक बैच के निर्माण और बाज़ार में जारी करने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने के उपाय करने को कहा है। एक रिपोर्ट

*यह निर्देश मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में हुई बच्चों की मृत्यु के मद्देनज़र जारी किया गया है, जो कथित तौर पर एक दूषित कफ सिरप से हुई है और इस कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर चिंताए भी व्यक्त की गई हैं। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि दवा निर्माताओं के पास एक मजबूत विक्रेता योग्यता प्रणाली हो और वह केवल विश्वनीय और अनुमोदित विक्रेताओं से कच्चे माल का उपयोग करें। डीजीएचएस ने जोर देकर कहा कि औषधि नियमों के अनुसार लाइसेंस धारी को अपने उत्पाद के निर्माण में प्रयुक्त कच्चे माल के प्रत्येक बैच और अंतिम उत्पाद के प्रत्येक बैच का परीक्षण करना होगा। साथ ही लाइसेंस धारी को ऐसे परीक्षणों के सम्बंध में विवरण दर्शाने वाले रिकॉर्ड या रजिस्टर भी रखने होंगे। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

मुख्यमंत्री- मुंबई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मुंबई में इंटरएक्टिव सेशन में देश-विदेश के उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। जिसमें रिन्यूएबल एनर्जी, पॉवर सेक्टर और व्हाइट गुड्स उद्योग में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा होगी। सत्र में सिंगापुर, मैक्सिको, कनाडा और इटली के कॉन्सुल जनरल सहित देश-विदेश के उद्योगपति शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नर्मदापुरम के मोहासा-बाबई औद्योगिक जोन में निवेश के अवसरों और राज्य की औद्योगिक नीतियों पर जानकारी देंगे।

शिवराज सिंह चौहान- नए मिशन

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल मीडिया से चर्चा में बताया कि 11 अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर कृषि विभाग दो नए मिशन शुरू करेगा। पहला *दलहन मिशन* है, जिसके तहत तुअर, उड़द और मसूर दालों की खेती करने वाले किसानों से दालें *MSP* पर खरीदी जाएंगी ताकि भारत दालों में आत्मनिर्भर बने। दूसरा *प्रधानमंत्री कृषि धनधान्य योजना* कम उत्पादकता वाले जिलों की औसत उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए शुरू की जा रही है।

ओजस्वनी महोत्सव 2025

राज्यपाल मंगुभाई पटेल कल भोपाल में आयोजित ओजस्वनी महोत्सव 2025 में शामिल हुए। नाबार्ड के सहयोग से आयोजित इस राष्ट्रीय प्रदर्शनी सह-ब्रिकी कार्यक्रम का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है।

महिला विश्व कप

आई.सी.सी. महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। विशाखापत्तनम में यह मैच दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। प्रतियोगिता में कल ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 107 रन से हराया।

शूटिंग चैंपियनशिप

मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में आज से 15 अक्टूबर तक ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग और राज्य राइफल संघ की मेज़बानी में होगा। इसमें देशभर से करीब दो हजार निशानेबाज़ हिस्सा लेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- छिन्दवाड़ा में कफ सिरप के सेवन से हुई बच्चों की मृत्यु की घटना एवं उपचाररत बच्चों की स्थिति की समीक्षा के लिए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल कल छिंदवाड़ा पहुंचे और जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।
- खडंवा में प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकरण समारोह का 2 दिवसीय आयोजन 13 एवं 14 अक्टूबर, 2025 को पुलिस ग्राउण्ड, खण्डवा में किया जा रहा है।

- झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में उप संचालक कृषि और उपायुक्त सहकारिता ने 7 और 8 अक्टूबर को जिले के विभिन्न पंजीयन केंद्रों का निरीक्षण किया।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में कल से शुरू हुए तीन दिवसीय युवा उत्सव में विभिन्न 22 विधाओं में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएगी।